राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्
जिला परियोजना कार्यालय, झुन्झुनू
(केन्द्र प्रवर्तित माध्यमिक शिक्षा योजनाएं)

दूरभाष –01592.297084, Mob. 9413110058 E.Mail – adpcrmsajhunjhunu@gmail.com

कमांकः– रामाशिप / झु. / 2018–19 / 2764 दिनांक :– 06/09/2018

प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक
राउमावि / रामावि (समस्त)

विषय :– विद्यालय वार्षिक अनुदान (SAG) वर्ष 2018–19 के क्रम में।

प्रसंग :– राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा अभियान के पत्रांक रामाशिप / जय / ओ.शि. / 2018–19 / 4234 दिनांक 30.07.2018 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्राक के कम में लेख है कि इस कार्यालय को वर्ष 2018–19 की विद्यालय वार्षिक अनुदान (SAG) राशि प्राप्त हो चूकी है। प्राप्त राशि को संबंधित विद्यालयों के खाते में भिजवाया जाना है।

इस वित्तीय वर्ष की प्राप्त अनुदान राशि वर्ष 2018–19 के नामांकन के अनुसार भिजवाई जायेगी। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने विद्यालय का वर्ष 2018–19 का नामाकंन शालादर्पण पर दिनांक 10.09.2018 तक अपडेट कर देवें क्योकि शलादर्पण अपडेट नामाकंन के आधार पर ही आपको विद्यालय वार्षिक अनुदान (SAG) भिजवाया जायेगा। शलादर्पण पर अपने विद्यालय के खातें को भी अपडेट कर देवें। इसी खातें में वार्षिक अनुदान राशि भिजवाई जायेगी।

<u>बैंक खाते में निम्न विवरण भरे :–</u>

1. बैंक का नाम मय (ब्रांच का नाम) स्थान 2. बैंक ब्रांच का आईएफएससी कोड
3. बैंक का खाता नम्बर

शालादर्पण पर उपरोक्तानुसार दिनांक 10.09.2018 तक अपडेट कर देवें। इस दिनांक के नामाकंन एवं खाता संख्या के अनुसार राशि गणना कर संबंधित विद्यालयों के खातों में हस्तान्तरण कर दी जायेगी। यदि किसी विद्यालय का खाता संख्या गलत होने के कारण कोषालय से ऑनलाईन भुगतान अन्य के खातें में हस्तान्तरण हो जायेगा तो संस्था प्रधान का दायित्व होगा क्योकि **वित्त विभाग के परिपत्र जुलाई 2018 के अनुसार गलत खातों में हस्तान्तरण के लिए संस्था प्रधान उत्तरदायी होगा।** शालादर्पण पर सूचना अपडेट नहीं होने पर अनुदान राशि नहीं भिजवाई जायेगी यह भी आपका दायित्व होगा।

अति जिला परियोजना समन्वयक
राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद, झुंझुनूं